PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Hindustan, Delhi
Fri, 26 May 2017, Page 11
Width: 19.10 cms, Height: 19.98 cms, a3, Ref: 32.2017-05-26.100

उत्तराखंड : चार धाम को रेलवे के साथ सड़क मार्ग की सौगात

देहरादून | विशेष संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तराखंड के विकास को गति देने के वादे को पूरा करते हुए दो बड़ी परियोजनाओं को जमीन पर उतारने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

सरकार की बड़ी परियोजनाओं में चार धाम को हर मौसम में चलने वाली सड़कों से जोड़ने और साथ ही रेल संपर्क सुविधा मुहैया कराना शामिल है। चार धाम रेल नेटवर्क का अंतिम सर्वेक्षण पूरा हो चुका है और केंद्र ने इसके लिए 120 करोड़ रुपये का आवंटन किया है। इसके साथ ही ऋषिकेश से कर्णप्रयाग तक रेल पटरी बिछाने की परियोजना में गति आई है।

इसके अलावा भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया भी लगभग पूरी हो गई है। चार धाम को सभी मौसम में सुगम्य बनाने की परियोजना भी परवान चढ़ रही है। केंद्र उत्तराखंड के घरों को भी पाइप लाइन से गैस पहुंचाने और स्वच्छ ईंधन मुहैया कराने के प्रति गंभीर है और इस पर भी काम चल रहा है। सरकार का लक्ष्य सभी घरों की रसोई तक ईंधन पहुंचाना है।

उपलब्धियां

12000
करोड़ रुपये की चारधाम ऑलवेदर सड़क योजना 2018 तक होगी पूरी

250
करोड़ की सड़क परियोजनाओं की आधारशिला ऋषिकेश में रखी गई

13
दिसंबर 2016 से सीएनजी-पीएनजी पाइपलाइन पर काम चल रहा, कई शहरों को फायदा